# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/06/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** 240 और 120 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ A. 60
✘ B. 50
✘ C. 80
✘ D. 40

**Q.2** 8 m लंबाई की एक सीढ़ी को जमीन से 60° का कोण बनाते हुए एक ऊर्ध्वाधर दीवार के सहारे रखा गया है। सीढ़ी दीवार पर कितनी ऊंचाई तक पहुंचती है?

**Ans**
✘ A. $6\sqrt{3}$ m
✘ B. $3\sqrt{3}$ m
✔ C. $4\sqrt{3}$ m
✘ D. $5\sqrt{3}$ m

**Q.3** दो सहोदर की आयु का योगफल 28 वर्ष है और उनकी आयु का अंतर 8 वर्ष है। बड़े सहोदर की वर्तमान आयु क्या है?

**Ans**
✘ A. 14 वर्ष
✘ B. 20 वर्ष
✘ C. 16 वर्ष
✔ D. 18 वर्ष

**Q.4** तीन श्रमिकों, P, Q और R की एक टीम को एक बड़ी दीवार को रंगने का काम सौंपा गया है। P अकेले इस काम को 14 दिनों में, Q अकेले 21 दिनों में और R अकेले 42 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे एक साथ काम शुरू करते हैं, लेकिन P, 4 दिनों के बाद काम छोड़ देता है, और शेष काम Q और R मिलकर पूरा करते हैं, तो दीवार को पूरी तरह से रंगने में कुल कितने दिन लगे?

**Ans**
✘ A. 11 दिन
✔ B. 10 दिन
✘ C. 9 दिन
✘ D. 12 दिन

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**

Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Test Prime By Adda247

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

**Q.5** तीन धनात्मक पूर्णांक a, b और c आगे दी गई शर्तों को संतुष्ट करते हैं: (i) a और b सह-अभाज्य हैं, (ii) b और c सह-अभाज्य हैं, (iii) a और c सह-अभाज्य नहीं हैं, (iv) abc = 360 है। a + b + c का न्यूनतम संभव मान कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 27
- ✓ B. 95
- ✓ C. 23
- ✗ D. 33

**Q.6** यदि $3^x - 3^{x-1} = 18$ है, तो $\frac{2x-1}{2x+3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{5}{6}$
- ✓ B. $\frac{5}{9}$
- ✗ C. $\frac{5}{12}$
- ✗ D. $\frac{5}{13}$

**Q.7** यदि 5, 15 और 25 का चतुर्थानुपाती k है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. k = 75
- ✗ B. k = 60
- ✗ C. k = 90
- ✗ D. k = 125

**Q.8** चार अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 12, 8 और 11 से विभाजित किए जाने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 3 प्राप्त हो।

**Ans**
- ✓ A. 9771
- ✗ B. 9928
- ✗ C. 9535
- ✗ D. 9821

**Q.9** वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जो 75, 105 और 150 को पूर्णतः विभाजित करती है।

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✗ B. 10
- ✓ C. 15
- ✗ D. 25

**Q.10** यदि किसी संख्या का 45% उसके 20% से 30 अधिक है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 160
- ✓ B. 120
- ✗ C. 140
- ✗ D. 100

**Q.11** दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 40 है और उनका गुणनफल 175 है। उनके बीच का धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 30
- ✗ B. 36
- ✗ C. 34
- ✗ D. 32

**Q.12** एक वस्तु के मूल्य में पहले 30% की वृद्धि होती है और फिर 20% की कमी होती है। इन क्रमिक परिवर्तनों के कारण, अंतिम मूल्य, प्रारंभिक मूल्य से ₹40 अधिक हो जाता है। वस्तु का प्रारंभिक मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. ₹900
- ✓ B. ₹1,000
- ✗ C. ₹1,100
- ✗ D. ₹1,200

**Q.13** एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 150% अधिक निर्धारित करता है। 110% का लाभ प्राप्त के लिए उसे अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट देनी चाहिए?

**Ans**

- ✗ A. 14%
- ✗ B. 15%
- ✗ C. 17%
- ✓ D. 16%

**Q.14** $\dfrac{27^{\frac{2}{3}}.9^{-\frac{1}{2}}}{3^{-1}.81^{\frac{1}{4}}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. 6
- ✓ B. 3
- ✗ C. 9
- ✗ D. 1

**Q.15** ₹1,000 का मूलधन किस वार्षिक ब्याज की दर से 1 वर्ष और 6 महीने की अवधि में ₹1,728 हो जाएगा, जबकि ब्याज, अर्ध-वार्षिक रूप से संयोजित होता है।

**Ans**

- ✓ A. 40%
- ✗ B. 32%
- ✗ C. 41%
- ✗ D. 35%

**Q.16** एक कार ग्वालियर से झांसी तक 60 km/hr की चाल से जाती है और 80 km/hr की चाल से वापस आती है। यदि कुल यात्रा समय 3.5 घंटे है, तो एक तरफ की दूरी कितनी है?

**Ans**

- ✓ A. 120 km
- ✗ B. 112 km
- ✗ C. 125 km
- ✗ D. 110 km

**Q.17** दो मित्र, P और Q ने क्रमशः ₹2,300 और ₹4,600 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। एक वर्ष के अंत में, व्यवसाय से कुल ₹37,272 का लाभ प्राप्त हुआ। लाभ में P का हिस्सा (₹ में) कितना है?

**Ans**

- ✗ A. 12,274
- ✗ B. 12,524
- ✓ C. 12,424
- ✗ D. 12,374

**Q.18** दो वस्तुओं को समान विक्रय मूल्य पर बेचा जाता है। एक वस्तु पर व्यापारी को 25% का लाभ होता है, जबकि दूसरी पर उसे 25% की हानि होती है। कुल प्रतिशत हानि कितनी है?

**Ans**

- ✗ A. 8.25%
- ✗ B. 7.25%
- ✓ C. 6.25%
- ✗ D. 5.25%

Q.19 8 संख्याओं का औसत 45 है। यदि प्रत्येक संख्या में 3 की कमी की जाए, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 39
- ✗ B. 45
- ✓ C. 42
- ✗ D. 8

Q.20 एक व्यापारी अपने उत्पादों पर लागत मूल्य से 30% अधिक मूल्य अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। उसके द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ कितना है?

Ans
- ✗ A. 18%
- ✓ B. 17%
- ✗ C. 16%
- ✗ D. 15%

Q.21 6.5, 10.8, 20 और a का औसत 13 है, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 13.7
- ✗ B. 16.7
- ✗ C. 15.7
- ✓ D. 14.7

Q.22 चार एकसमान घनों को एक के बाद एक करके रखा जाता है और इस प्रकार निर्मित घनाभ की लंबाई 256 cm है। एकल घन का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 262154 $cm^3$
- ✓ B. 262144 $cm^3$
- ✗ C. 265144 $cm^3$
- ✗ D. 362144 $cm^3$

Q.23 एक आयताकार मैदान की भुजाएं 77 m और 98 m लंबी हैं। इसका क्षेत्रफल एक वृत्तीय मैदान के क्षेत्रफल के बराबर है। वृत्तीय मैदान का परिमाप (m में) कितना है?

($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

Ans
- ✗ A. 304
- ✗ B. 353
- ✗ C. 330
- ✓ D. 308

Q.24 ₹3,000 के अंकित मूल्य वाले एक उत्पाद को 15% और 25% की क्रमिक छूट के साथ बेचा जाता है। इन दो छूटों के बाद अंतिम विक्रय मूल्य कितना होगा?

Ans
- ✓ A. ₹1,912.50
- ✗ B. ₹1,896
- ✗ C. ₹1,936.50
- ✗ D. ₹1,872

Q.25 एक निश्चित धनराशि साधारण ब्याज पर 2 वर्षों में ₹5,200 और 4 वर्षों में ₹6,400 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर कितनी है?

Ans
- ✗ A. 18 प्रतिशत
- ✓ B. 15 प्रतिशत
- ✗ C. 12 प्रतिशत
- ✗ D. 10 प्रतिशत

**Q.26** A और B एक काम को क्रमशः 12 और 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं। दोनों 2 दिन काम करते हैं और फिर A काम छोड़कर चला जाता है। शेष काम को पूरा करने में B को कितने दिन लगेंगे?

**Ans**
- ✗ A. 17
- ✗ B. 20
- ✓ C. 18
- ✗ D. 19

**Q.27** दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में 8 m/s और 10 m/s की चाल से चल रही हैं। यदि वे 8 सेकंड में एक-दूसरे को पूरी तरह से पार कर लेती हैं, तो दोनों ट्रेनों की संयुक्त लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 144 मीटर
- ✗ B. 156 मीटर
- ✗ C. 150 मीटर
- ✗ D. 152 मीटर

**Q.28** एक त्रिभुज में, तीन कोणों का अनुपात 3 : 3 : 4 है। सबसे बड़े कोण का माप ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 40°
- ✗ B. 84°
- ✓ C. 72°
- ✗ D. 62°

**Q.29** दो संख्याओं का योग 54 है। यदि छोटी संख्या के तिगुने का मान, बड़ी संख्या के दोगुने से 6 अधिक है, तो दोनों संख्याओं का अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 7.6
- ✗ B. 6.6
- ✗ C. 7.2
- ✓ D. 8.4

**Q.30** संख्याओं का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, सह-अभाज्य है?
A) (15, 25)
B) (14, 35)
C) (9, 28)
D) (21, 49)

**Ans**
- ✓ A. C
- ✗ B. D
- ✗ C. A
- ✗ D. B

## Section : General Awareness

**Q.31** विश्व जनसंख्या परिदृश्यों, 2024 (World Population Prospects, 2024) के अनुसार, 2080 के दशक के मध्य में विश्व की अनुमानित अधिकतम जनसंख्या कितनी होगी?

**Ans**
- ✓ A. 10.3 बिलियन
- ✗ B. 8.2 बिलियन
- ✗ C. 11.1 बिलियन
- ✗ D. 9.5 बिलियन

**Q.32** निम्नलिखित में से कौन-सा, द्रव्य की गैसीय अवस्था का एक विशिष्ट अभिलक्षण है?

**Ans**
- ✗ A. उच्च कठोरता और निश्चित आयतन
- ✗ B. प्रबल अंतर-आणविक बल और स्थायी आकृति
- ✗ C. निश्चित आयतन, परंतु कोई निश्चित आकृति नहीं
- ✓ D. नगण्य अंतर-आणविक बल और उच्च संपीड्यता

**Q.33** अगस्त 2025 में, किस निकाय ने प्रथम 'राष्ट्रीय वार्षिक महिला सुरक्षा रिपोर्ट और सूचकांक' (NARI 2025) जारी किया?

**Ans**
- ✗ A. नीति आयोग
- ✓ B. राष्ट्रीय महिला आयोग
- ✗ C. महिला और बाल विकास मंत्रालय
- ✗ D. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

**Q.34** विंडोज़ में, कौन-सा फ़ाइल एक्सटेंशन एक डायनामिक-लिंक लाइब्रेरी (dynamic-link library) को निरूपित करता है, जिसमें विभिन्न एप्लीकेशन में साझा किए जाने वाले पुन: प्रयोज्य कोड (reusable code) होते हैं?

**Ans**
- ✗ A. .drv
- ✗ B. .is
- ✗ C. .tmp
- ✓ D. .dll

**Q.35** फरवरी 2025 में हिंद महासागर सम्मेलन (Indian Ocean Conference) का 8वाँ सत्र कहाँ आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✓ A. मस्कट, ओमान
- ✗ B. पर्थ, ऑस्ट्रेलिया
- ✗ C. नई दिल्ली, भारत
- ✗ D. कोलंबो, श्रीलंका

**Q.36** भारत का निम्नलिखित में से कौन सा भौगोलिक क्षेत्र, मुख्यत: हिमालयी नदी तंत्रों द्वारा लाए गए जलोढ़ के व्यापक निक्षेपण से बना है?

**Ans**
- ✓ A. उत्तरी मैदान
- ✗ B. प्रायद्वीपीय पठार
- ✗ C. पश्चिमी तटीय मैदान
- ✗ D. मेघालय पठार

**Q.37** निम्नलिखित में से किसने 1904 में गुप्त क्रांतिकारी संगठन 'अभिनव भारत' की स्थापना की थी?

**Ans**
- ✗ A. खुदीराम बोस
- ✓ B. वी. डी. सावरकर
- ✗ C. लाला हर दयाल
- ✗ D. श्यामजी कृष्ण वर्मा

**Q.38** विंडोज 11 टास्क मैनेजर सिस्टम रिसोर्स को मॉनिटर करने में सहायता करता है ताकि उन एप्लिकेशन की पहचान की जा सके जो सिस्टम परफॉर्मेंस को ____________ हैं।

**Ans**
- ✗ A. स्थिर कर रहे
- ✗ B. सरल कर रहे
- ✓ C. खराब कर रहे
- ✗ D. बेहतर बना रहे

**Q.39** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प LAN का सही पूर्णरूप है?

**Ans**
- ✗ A. Large Access Node (लार्ज एक्सेस नोड)
- ✓ B. Local Area Network (लोकल एरिया नेटवर्क)
- ✗ C. Low Area Net (लो एरिया नेट)
- ✗ D. Line Access Network (लाइन एक्सेस नेटवर्क)

**Q.40** बहमनी साम्राज्य उत्तर में मांडू से लेकर दक्षिण में किस सीमा तक फैला हुआ था?

**Ans**
- ✔ A. रायचूर
- ✗ B. तिरुचिरापल्ली
- ✗ C. मैसूर
- ✗ D. मदुरै

**Q.41** राजा और राधा रेड्डी, जिन्होंने नई दिल्ली में नाट्य तरंगिनी संस्थान की स्थापना की, किस शास्त्रीय नृत्य रूप के प्रसिद्ध प्रतिपादक हैं?

**Ans**
- ✔ A. कुचीपुड़ी (Kuchipudi)
- ✗ B. सत्रिया (Sattriya)
- ✗ C. कथक (Kathak)
- ✗ D. मोहिनीअट्टम (Mohiniyattam)

**Q.42** ज्योतिराव फुले द्वारा लिखी गई कौन-सी पुस्तक उन लोगों को समर्पित थी, जिन्होंने अमेरिका में दास-प्रथा के विरुद्ध संघर्ष किया था?

**Ans**
- ✗ A. द कल्टीवेटर्स व्हिपकॉर्ड (The Cultivator's Whipcord)
- ✔ B. गुलामगिरी (Gulamgiri)
- ✗ C. स्त्री-पुरुष तुलना (Stripurushtulna)
- ✗ D. सत्यार्थ प्रकाश (Satyarth Prakash)

**Q.43** IRIS चिप, जिसे ISRO ने आईआईटी-मद्रास के साथ साझेदारी में विकसित किया है, ________ के लिए डिज़ाइन की गई है।

**Ans**
- ✗ A. ऑटोमोटिव सिस्टम
- ✗ B. वाणिज्यिक स्मार्टफोन
- ✔ C. SHAKTI के साथ अंतरिक्ष अनुप्रयोग
- ✗ D. गेमिंग कंसोल

**Q.44** निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति, मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखते हुए संधारणीय कृषि में सहायता प्रदान करती है?

**Ans**
- ✗ A. वनोन्मूलन
- ✗ B. रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग
- ✔ C. फसल चक्र
- ✗ D. एकल खेती

**Q.45** 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तरी भारतीय राज्यों में से किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है?

**Ans**
- ✗ A. उत्तराखंड
- ✗ B. हिमाचल प्रदेश
- ✗ C. राजस्थान
- ✔ D. बिहार

**Q.46** मानव दुर्व्यापार पर वैश्विक रिपोर्ट 2024 के अनुसार, वर्ष 2022 में मानव दुर्व्यापार के जितने भी मामले सामने आए, उनमें से कितने प्रतिशत बच्चे थे?

**Ans**
- ✗ A. 20%
- ✗ B. 45%
- ✗ C. 31%
- ✔ D. 38%

Q.47 नागरिकों के मूल कर्तव्यों को संविधान के 42वें संशोधन द्वारा सूचीबद्ध किया गया था, जिसे वर्ष __________ में अपनाया गया था।

Ans
- ✗ A. 1988
- ✗ B. 1966
- ✗ C. 1986
- ✓ D. 1976

Q.48 भारत में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) की स्थापना किस संशोधन द्वारा की गई?

Ans
- ✗ A. 102वां संशोधन
- ✓ B. 99वां संशोधन
- ✗ C. 76वां संशोधन
- ✗ D. 82वां संशोधन

Q.49 यदि एक वैज्ञानिक दो प्रकाश बल्बों के ऊर्जा निर्गत (आउटपुट) की तुलना करता है और उनके मानों को जूल में रिकॉर्ड करता है, तो SI पद्धति में ऊर्जा को निरूपित करने के लिए किस विमीय सूत्र का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
- ✓ A. $[M L^2 T^{-2}]$
- ✗ B. $[M L T^{-2}]$
- ✗ C. $[L^2 T^{-2}]$
- ✗ D. $[M T^2]$

Q.50 भारत के संविधान के किस भाग में संघ सरकार के विधायी अंग, संसद का उल्लेख है?

Ans
- ✗ A. भाग VI
- ✗ B. भाग VIII
- ✓ C. भाग V
- ✗ D. भाग VII

Q.51 2024-25 में, निम्नलिखित में से किस टीम ने विजय हजारे ट्रॉफी जीती?

Ans
- ✗ A. मुंबई
- ✓ B. कर्नाटक
- ✗ C. तमिलनाडु
- ✗ D. सौराष्ट्र

Q.52 ज्योतिराव फुले द्वारा स्थापित निम्नलिखित में से कौन-सा आंदोलन विशेष रूप से महाराष्ट्र में निचली जातियों के उत्थान के उद्देश्य से शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ A. आर्य समाज
- ✓ B. सत्यशोधक समाज
- ✗ C. रामकृष्ण मिशन
- ✗ D. ब्रह्म समाज

Q.53 संगीतकार का उसके वाद्य यंत्र के साथ सही सुमेलन का चयन कीजिए।

Ans
- ✗ A. शिव कुमार शर्मा – सरोद
- ✗ B. जाकिर हुसैन – सितार
- ✗ C. रविशंकर – बांसुरी
- ✓ D. बिस्मिल्ला खान – शहनाई

Q.54 निम्नलिखित में से किस देवी की पूजा मुख्य रूप से राजस्थान के गणगौर उत्सव के दौरान की जाती है?

Ans
- ✗ A. देवी सरस्वती
- ✗ B. देवी लक्ष्मी
- ✓ C. देवी पार्वती
- ✗ D. देवी दुर्गा

**Q.55** भारत में कपास की खेती के लिए किस प्रकार की मृदा सबसे उपयुक्त है?

**Ans**
- ✗ A. लैटेराइट मृदा
- ✓ B. काली मृदा
- ✗ C. लाल मृदा
- ✗ D. जलोढ़ मृदा

**Q.56** 10 सितंबर 2025 से लागू किए गए समुद्र द्वारा माल वहन अधिनियम, 2025 का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**Ans**
- ✗ A. पत्तन अवसंरचना का विकास करना
- ✗ B. समुद्री प्रदूषण को नियंत्रित करना
- ✓ C. वाहक देयता को परिभाषित करना
- ✗ D. पोत पंजीकरण को विनियमित करना

**Q.57** मैत्रक राजवंश के निम्नलिखित में से किस शासक ने प्रयाग में हर्षवर्द्धन की सभा में भाग लिया था?

**Ans**
- ✓ A. ध्रुवसेन द्वितीय
- ✗ B. गृहवर्मन
- ✗ C. रुद्रसेना द्वितीय
- ✗ D. प्रभाकरवर्धन

**Q.58** निम्नलिखित में से किसने, 'पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया (Poverty and Un-British Rule in India)" नामक पुस्तक के माध्यम से औपनिवेशिक काल के दौरान भारत में व्याप्त व्यापक गरीबी पर प्रकाश डाला?

**Ans**
- ✗ A. फिरोज़शाह मेहता
- ✗ B. महात्मा गांधी
- ✓ C. दादाभाई नौरोजी
- ✗ D. बाल गंगाधर तिलक

**Q.59** निम्नलिखित में से कौन, केंद्रीय मंत्रिपरिषद का प्रमुख होता है?

**Ans**
- ✗ A. भारत के महान्यायवादी
- ✓ B. प्रधानमंत्री
- ✗ C. केंद्रीय गृह मंत्री
- ✗ D. राष्ट्रपति

**Q.60** किसी अंत:क्रिया के दौरान किन निकायों पर क्रिया और प्रतिक्रिया बल लगते हैं?

**Ans**
- ✗ A. केवल विश्राम की अवस्था वाले निकाय पर
- ✗ B. केवल गतिशील निकाय पर
- ✗ C. समान निकाय पर
- ✓ D. दो अलग-अलग निकाय पर

**Q.61** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान, अनुच्छेद 368(2) के अंतर्गत संशोधन के लिए कम से कम आधे राज्यों के विधानमंडलों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता रखता है, जो इसे एक 'अनम्य' विशेषता बनाता है?

**Ans**
- ✓ A. भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन की रीति
- ✗ B. नागरिकता अर्जन और समापन से संबंधित प्रावधान
- ✗ C. लोक सभा के कार्यकाल की अवधि
- ✗ D. मंत्रिपरिषद की संरचना

**Q.62** निम्नलिखित में से किस नर्तकी को 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन क्लासिकल डांस' द्वारा 'अभिनंदन सरोजा राष्ट्रीय पुरस्कार, 2021' से सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✗ A. गीतांजलि लाल
- ✓ B. अपर्णा सतीसन
- ✗ C. शाश्वती सेन
- ✗ D. यामिनी कृष्णमूर्ति

Q.63 सितंबर 2025 में, 26 देशों ने किस देश को युद्ध के बाद सुरक्षा गारंटी प्रदान करने का वादा किया?

Ans
- ✗ A. फिलिस्तीन
- ✗ B. ईरान
- ✗ C. पोलैंड
- ✓ D. यूक्रेन

Q.64 ग्राम सभा और पंचायत बैठकों के ऑडियो या वीडियो इनपुट से संरचित कार्यवृत्त तैयार करने के लिए, 14 भारतीय भाषाओं में मल्टीलिंगुअल सपोर्ट के साथ, BHASHINI के साथ एकीकृत कौन-सा AI-सक्षम डिजिटल गवर्नेंस टूल लॉन्च किया गया था?

Ans
- ✓ A. सभासार (SabhaSaar)
- ✗ B. पंचायत डिजिटल रिकॉर्डर सिस्टम (Panchayat Digital Recorder System)
- ✗ C. ग्रामलेखा AI प्लेटफ़ॉर्म (GramLekha AI Platform)
- ✗ D. रूरल गवर्नेंस डॉक्यूमेंटेशन टूल (Rural Governance Documentation Tool)

Q.65 एमएस विडोज़ (MS Windows) जैसे ऑपरेटिंग सिस्टम में एक्सटेंशन वाले अलग-अलग फाइल टाइप का उपयोग करने का क्या उद्देश्य है?

Ans
- ✗ A. फाइल का साइज़ बढ़ाना और फाइल में बदलाव करना
- ✓ B. OS को यह निर्धारित करने की सुविधा देता है कि फाइल का कौन-सा एप्लिकेशन ओपन होगा।
- ✗ C. फाइल का कंटेंट छिपाना और फाइल से कंटेंट हटाना
- ✗ D. फाइल के नाम लंबे करना और फाइल का नाम बदलना

Q.66 कौन-सा महाद्वीप, संपूर्णतया दक्षिणी और पूर्वी गोलार्ध में स्थित है?

Ans
- ✗ A. यूरोप
- ✓ B. ऑस्ट्रेलिया
- ✗ C. एशिया
- ✗ D. अफ्रीका

Q.67 दिसंबर 2025 में, निम्नलिखित में से किस शहर में ऑल लिविंग थिंग्स एनवायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल (ALT EFF) ने प्रभावशाली फिल्मों और परिचर्चाओं के माध्यम से पर्यावरणीय मुद्दों पर लोक संवाद को बढ़ावा दिया?

Ans
- ✗ A. पटना
- ✗ B. अहमदाबाद
- ✓ C. बेंगलुरु
- ✗ D. जयपुर

Q.68 निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द रासायनिक अभिक्रिया में अभिकारकों और उत्पादों के मात्रात्मक अध्ययन को संदर्भित करता है?

Ans
- ✗ A. मोलरता
- ✗ B. मोल अंश
- ✗ C. द्रव्यमान प्रतिशत
- ✓ D. स्टॉइकियोमीट्री

Q.69 संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक ________ द्वारा बुलाई जाती है।

Ans
- ✗ A. राज्यसभा के सभापति
- ✓ B. भारत के राष्ट्रपति
- ✗ C. भारत के प्रधानमंत्री
- ✗ D. लोकसभा के अध्यक्ष

Q.70 निम्नलिखित में से किस वर्ष तिलहन पर प्रौद्योगिकी मिशन प्रारंभ किया गया जिसके कारण 1988-89 में तिलहन उत्पादन बढ़कर 18 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया?

Ans
- ✗ A. 1984-85
- ✗ B. 1983-84
- ✗ C. 1987-88
- ✓ D. 1985-86

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.71 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(2, 5, 7)
(3, 10, 13)

Ans
- ✓ A. (6, 37, 43)
- ✗ B. (8, 63, 75)
- ✗ C. (5, 26, 36)
- ✗ D. (7, 49, 51)

Q.72 एक निश्चित कूट भाषा में,
A x B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A ≠ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है' और
A ₹ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है।'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'C ≠ D ₹ E x L ÷ M' है, तो C का M से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पत्नी की माता
- ✗ B. भाई की पत्नी
- ✗ C. पत्नी के भाई की पत्नी
- ✗ D. पति की माता

Q.73 शब्द RADULAE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया गया है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया गया है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में, कितने अक्षर ठीक दो बार दिखाई देंगे?

Ans
- ✓ A. एक
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.74 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
7 A 7 C 20 B 2 = ? C 20

Ans
- ✗ A. 22
- ✓ B. 21
- ✗ C. 24
- ✗ D. 20

Q.75 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी सेब, टोकरियाँ हैं। कुछ टोकरियाँ, प्याले हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ सेब, प्याले हैं।
(II) सभी प्याले, सेब हैं।

Ans
- ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

TUW XYA BCE FGI ?

Ans
- ✗ A. KJL
- ✔ B. JKM
- ✗ C. JLM
- ✗ D. JMK

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. XV–SQ
- ✔ B. US–OP
- ✗ C. TR–OM
- ✗ D. PN–KI

Q.78 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 10 18 38 74 ?

Ans
- ✗ A. 148
- ✗ B. 152
- ✔ C. 150
- ✗ D. 154

Q.79 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'stage pig add' को 'yv se kk' के रूप में कूट किया जाता है और 'third add bee' को 'se ec wm' के रूप में कूट किया जाता है। तो उस भाषा में 'add' को कैसे कूट किया जाएगा? (सभी कूट दो अक्षरों वाले कूट हैं।)

Ans
- ✗ A. ec
- ✗ B. yv
- ✗ C. kk
- ✔ D. se

Q.80 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

135 150 180 225 285 ?

Ans
- ✔ A. 360
- ✗ B. 330
- ✗ C. 340
- ✗ D. 350

Q.81 दी गई अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ ही की जानी है।

(बाएँ) F M I H Y F Y E G K Y O N V K H Q T E K N (दाएँ)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद में एक स्वर भी है?

Ans

✔ A. एक भी नहीं

✘ B. तीन

✘ C. एक

✘ D. दो

Q.82 सात व्यक्ति F, G, H, L, M, O और Q एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के दाईं ओर से गिनने पर Q और L के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O के बाईं ओर से गिनने पर L और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q के दाईं ओर से गिनने पर Q और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M, H के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। G के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

✘ A. L

✔ B. H

✘ C. M

✘ D. F

Q.83 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से LOSM का संबंध QTXR से है। उसी तरीके से, ILPJ का संबंध NQUO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FIMG का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans

✘ A. NKRL

✘ B. NKLR

✘ C. KNLR

✔ D. KNRL

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✘ A. IJ - OP

✘ B. CD - IJ

✘ C. ST - YZ

✔ D. MJ - LP

Q.85 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

YBZ DGE ILJ NQO ?

Ans

✘ A. SUS

✘ B. SWS

✘ C. STV

✔ D. SVT

Q.86 शब्द NOTFERN के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया गया है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया गया है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार दिखाई देंगे?

Ans

✘ A. शून्य

✘ B. तीन

✘ C. दो

✔ D. एक

Q.87 किसी निश्चित कूट भाषा में,

J + Q का अर्थ है कि 'J, Q की माता है',
J – Q का अर्थ है कि 'J, Q का भाई है',
J x Q का अर्थ है कि 'J, Q का पति है' और
J ÷ Q का अर्थ है कि 'J, Q की बहन है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'A ÷ B x C + D - E ÷ F' है, तो A का F से क्या संबंध है?

Ans
✔ A. पिता की बहन
✗ B. माता
✗ C. बहन
✗ D. माता की बहन

Q.88 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ A. PT – LG
✗ B. RF – NB
✗ C. MJ – IF
✗ D. UG – QC

Q.89 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOTS' को '8439' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'JOLS' को '4853' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'J' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ A. 4
✔ B. 5
✗ C. 8
✗ D. 3

Q.90 सात बॉक्स, K, N, I, G, H, T और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों।
K को सबसे ऊपर से चौथे स्थान पर रखा गया है। H और K के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। H और S के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। S को K के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। I को S के ठीक नीचे रखा गया है। N को T के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। G को H के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है।
N के नीचे कितने बॉक्स हैं?

Ans
✔ A. दो
✗ B. तीन
✗ C. एक
✗ D. एक भी नहीं

Q.91 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. KCU
✗ B. OGY
✔ C. QAI
✗ D. PHZ

Q.92 सात व्यक्ति, T, E, A, R, I, N और G, एक पंक्ति में, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N के बाएं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे है। N और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। I, R के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। A, G का निकटतम पड़ोसी नहीं है। T के दाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ A. चार
✗ B. तीन
✔ C. एक
✗ D. दो

Q.93 मि. योरली बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पूर्व की ओर 17 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 18 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 30 km ड्राइव करता है।फिर वह बाएँ मुड़ता है और 31 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह बाएँ मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है तथा बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans

✗ A. 8 km, उत्तर की ओर

✓ B. 7 km, उत्तर की ओर

✗ C. 9 km, पूर्व की ओर

✗ D. 5 km, पश्चिम की ओर

Q.94 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3 A 42 B 14 C 29 D 22 = ?

Ans

✓ A. 8

✗ B. 10

✗ C. 11

✗ D. 9

Q.95 KL 9 का संबंध एक निश्चित तरीके से IH –2 से है। उसी प्रकार, PG 7 का संबंध NC –4 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JQ 14 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans

✗ A. IM 3

✓ B. HM 3

✗ C. IN 6

✗ D. HN 6

Q.96 सात बॉक्स F, G, H, I, J, K और L एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
G और F के बीच केवल एक बॉक्स को रखा गया है। J को ऊपर से चौथे स्थान पर रखा गया है। L के ऊपर केवल एक बॉक्स को रखा गया है, I को L के ठीक नीचे रखा गया है। K को J के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
K और H के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans

✓ A. चार

✗ B. एक

✗ C. दो

✗ D. तीन

Q.97 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

PRY WYF DFM KMT ?

Ans

✗ A. ERT

✓ B. RTA

✗ C. RTY

✗ D. RAT

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!


PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs | Download & Study Offline | Attempt as Mock & Track Score | Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD THE APP

**Q.98** दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी चील, समुद्री चिड़िया हैं। कुछ समुद्री चिड़िया, मोर हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ चील, मोर हैं।
निष्कर्ष (II): कोई भी मोर, चील नहीं है।

**Ans**

✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

**Q.99** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

12 ÷ 4 + 9 x 3 - 8 = ?

**Ans**

✔ A. 53

✘ B. 39

✘ C. 35

✘ D. 44

**Q.100** सात बॉक्स, A, U, V, W, X, Y और Z, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
Y को सबसे नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। Y और V के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। A को V के पहले किसी स्थान पर लेकिन W के बाद किसी स्थान पर रखा गया है। Y और U के बीच केवल Z को रखा गया है।
सबसे नीचे से पहले स्थान पर किस बॉक्स को रखा गया है?

**Ans**

✘ A. U

✘ B. W

✘ C. A

✔ D. X

"